प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
Department of Communication, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai - 400 001 फोन/Phone: 022 - 2266 0502

18 जून 2024

विनियामक सैंडबॉक्स: 'वित्तीय धोखाधड़ी की रोकथाम और न्यूनीकरण' पर चौथा समूह (कोहोर्ट) – निकास

विनियामक सैंडबॉक्स (आरएस) के 'वित्तीय धोखाधड़ी की रोकथाम और न्यूनीकरण' विषय पर चौथे समूह में छह संस्थाओं को अपने उत्पादों का परीक्षण शुरू करना था, जिसकी सूचना दिनांक 5 जनवरी 2023 की प्रेस प्रकाशनी के माध्यम से दी गई थी।

2. 'परीक्षण चरण' पूरा करने वाली संस्थाओं के उत्पादों का मूल्यांकन पारस्परिक रूप से सहमत परीक्षण परिदृश्यों और अपेक्षित परिणामों के आधार पर किया गया। तदनुसार, नीचे उल्लिखित तीन उत्पाद, आरएस के अंतर्गत परीक्षण के दौरान परिभाषित सीमा शर्तों के भीतर व्यवहार्य पाए गए हैं:

क्रम सं.	सैंडबॉक्स संस्था	विवरण
1	बहवान साइबरटेक प्राइवेट लिमिटेड (सहभागी वित्तीय संस्थान- आईडीबीआई बैंक)	उत्पाद "आरटी360 रियल टाइम मॉनिटरिंग सिस्टम" एक प्रौद्योगिकी सक्षम समाधान है जो बैंकों को वास्तविक समय/ निकट वास्तविक समय के आधार पर लेनदेन की निगरानी में सहायता करता है। यह लेनदेन का आगे विश्लेषण करता है तथा सक्रिय अनुवर्ती कार्रवाई और कार्रवाई के लिए अलर्ट उत्पन्न करता है।
2	नैपआईडी साइबरसेक प्राइवेट लिमिटेड (सहभागी वित्तीय संस्थान- सिटी यूनियन बैंक)	उत्पाद 'नैपआईडी फ्रॉड फ़िल्टर लेयर' लॉगिन फ़ॉर्म, भुगतान फ़ॉर्म को लॉक कर देता है और इन्हें केवल अधिकृत उपयोगकर्ताओं के लिए अनलॉक करता है ताकि वे नैपआईडी प्री-ऑथेंटिकेटर ऐप के ज़रिए अपने क्रेडेंशियल का उपयोग करके लेनदेन कर सकें। यह समाधान धोखेबाज़ों द्वारा धोखाधड़ीपूर्वक प्राप्त किए गए क्रेडेंशियल/ कार्ड को व्यर्थ बना देता है।
3	ट्रस्टिंग सोशल प्राइवेट लिमिटेड (सहभागी वित्तीय संस्थान - प्रोटियम फाइनेंस लिमिटेड और फिनोवेशन टेक सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड)	उत्पाद 'ट्रस्टिंग सोशल क्रेडिट इनसाइट (सीआई)' सक्रिय ग्राहकों के आधार को जोखिम-रैंक करने के लिए मोबाइल ग्राहक डेटा का उपयोग करता है और ऋण आवेदक के चूक(डिफ़ॉल्ट) के जोखिम का आकलन करता है। यह विशेष रूप से नए-ऋण सेगमेंट के लिए तत्काल ऋण योग्यता जांच में भी मदद करता है।

3. सभी संस्थाएं अब 'वित्तीय धोखाधड़ी की रोकथाम और न्यूनीकरण' पर विनियामक सैंडबॉक्स के चौथे समूह से बाहर निकल गई हैं। इस समूह के अंतर्गत स्वीकार्य पाए गए उत्पादों को लागू विनियामक आवश्यकताओं के अनुपालन के अधीन विनियमित संस्थाओं द्वारा अपनाने पर विचार किया जा सकता है।

4. इसके अलावा, आरएस के लिए सक्षम ढांचे के प्रावधानों के अनुसार, 'वित्तीय धोखाधड़ी की रोकथाम और न्यूनीकरण' पर चौथा समूह अब 'ऑन टैप' आवेदन के लिए खुला है। आवेदन की स्कैन की गई प्रति संलग्नकों (अधिकतम आकार 10 एमबी) के साथ ईमेल के माध्यम से भेजी जा सकती है।

(पुनीत पंचोली)
मुख्य महाप्रबंधक

प्रेस प्रकाशनी: 2024-2025/520